HINDI UNIVERSITY, HOWRAH

M.A 1st Semester (CBCS) Examination -2025
HINDI
Course Code- HIN101
हिंदी साहित्य का इतिहास (आदिकाल और मध्यकाल )

Full Marks-40 Time- 2 Hours

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 10x2=20

क) इतिहास लेखन की विभिन पद्दतियों पर प्रकाश डालिये।

अथवा

निर्गुण भक्तिधारा की अवधारणा स्पष्ट करते हुए ज्ञानमार्गी और प्रेममार्गी शाखाओं का तुलनात्मक अध्ययन कीजिए।

ख) भक्तिकालीन काव्य की लोकमंगल की भावना पर प्रकाश डालिए।

अथवा

रीतिकाल के नामकरण की समस्या पर विस्तार से चर्चा करते हुए विभिन्न विद्वानों के मत प्रस्तुत कीजिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3x5=15

क) आदिकाल को 'वीरगाथाकाल' कहे जाने के औचित्य पर विचार कीजिए।
ख) मलिक मुहम्मद जायसी के काव्य में नीहित सूफी दर्शन के तत्त्वों को स्पष्ट कीजिए।
ग) राम भक्ति काव्यधारा की मुख्या विशेषताओं की विवेचना कीजिये।
घ) रीतिकालीन काव्य की प्रमुख विशेषताओं का संक्षिप्त विवेचन कीजिए।
ङ) सूरदास के काव्य में भक्ति और श्रृंगार के समन्वय पर प्रकाश डालिए।

P. T. O

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 5x1=5

क) 'बीसलदेव रासो' के रचयिता कौन हैं?

ख) मीराबाई किस भक्ति धारा से संबंधित कवयित्री हैं?

ग) पुष्टिमार्ग का संबंध किस देवता की उपासना से है?

घ) अष्टछाप के किसी एक कवि का नाम लिखिए।

ङ) 'संदेश रासक' की भाषा क्या है?

हि वि
HU

## HINDI UNIVERSITY, HOWRAH

M.A, 1st Semester (CBCS) Examination, 2025
HINDI
Course Code -HIN-102

### हिन्दी भाषा का विकास एवं देवनागरी लिपि

Full Marks -40 | Time -2 Hours

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **2 x 10 =20**

**(क) हिन्दी भाषा समुदाय की अवधारणा स्पष्ट करते हुए उसकी भाषिक संरचना पर प्रकाश डालिए।**

**अथवा**

वर्तनी के **मानकीकरण पर विस्तार से चर्चा कीजिए।**

**(ख) मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषाओं के विकास में पालि, प्राकृत और अपभ्रंश के योगदान की विवेचना कीजिये।**

**अथवा**

**हिंदी के वैश्विक स्वरूप पर प्रकाश डालिए।**

2. **निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **3 x 5=15**

**(क) भारतीय लिपियों के विकास की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए।**

**(ख) हिंदी की विभाषाओं में हिंदवी और दक्खिनी हिंदी का संक्षिप्त परिचय दीजिए।**

**(ग) हिंदी की संवैधानिक स्थिति पर संक्षेप में टिप्पणी लिखिए।**

**(घ) आधुनिक युग में हिंदी भाषा के विस्तार एवं विविध प्रयोग क्षेत्रों पर विवेचन कीजिए।**

**(ङ)राष्ट्रभाषा, राजभाषा और संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की भूमिका स्पष्ट कीजिए।**

3. **निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **5 x 1=5**

**(क) भारतीय लिपियों की सबसे प्राचीन लिपि कौन-सी है?**

**(ख) 'हिन्दी भाषा का आधुनिकीकरण' पुस्तक के लेखक का नाम लिखिए।**

**(ग) भारतीय लिपियों की सबसे प्राचीन लिपि कौन-सी है?**

**(घ) पश्चिमी हिंदी की एक बोली का नाम लिखिए।**

**(ङ) 'हिन्दी भाषा संरचना के विविध आयाम' पुस्तक के लेखक का नाम लिखिए।**

**HINDI UNIVERSITY, HOWRAH**

CBCS 1st Semester Examination-2025

Hindi

Course- HIN-103

हिन्दी कहानी साहित्य

Full Marks- 40 | Time- 2 Hours

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2×10=20

क) हिन्दी कहानी की विकास यात्रा पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'पिता' कहानी के आधार पर पुरानी पीढ़ी और नई पीढ़ी के विचारों में अंतर स्पष्ट करते हुए आज के संदर्भ में इसकी प्रासंगिकता पर विचार कीजिए।

ख) 'कोसी का घटवार' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

अथवा

कहानी तत्त्व के आधार पर 'राजा निरबंसिया' कहानी की समीक्षा कीजिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3×5=15

क) ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :

"उसे जोश का कारण नहीं समझ में आता। उत्साह उसके लिए अपरिचित है। वह उसके लिए कुछ दूर की वस्तु है, स्पृहणीय मनोरम और हरियाली। यह भारतमाता की स्वतंत्रता को समझना चाहती है, पर उसको न भारतमाता समझ में आती है, न स्वतंत्रता समझ में आती है।"

ख) ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :

तूफान और डाकगाड़ी के इंजनों की चिंघाड़ उनकी अकेली रातों की साथी थी। सेठ रामजीमल के मिल के कुछ लोग कभी-कभी पास आ बैठते, वहीं उनका दायरा था, वही उनके साथी। वह जीवन अब उन्हें एक खोई निधि-सा प्रतीत हुआ।

ग) ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :

जिस समाज में रात-दिन मेहनत करने वालों की हालत उनकी हालत से बहुत कुछ अच्छी न थी और किसानों के मुकाबले में वे लोग, जो किसानों की दुर्बलताओं से लाभ उठाना जानते थे, कहीं ज्यादा सम्पन्न थे, वहाँ इस तरह की मनोवृति का पैदा हो जाना कोई अचरज की बात न थी।

घ) ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :

राजकीय रक्षण की अधिकारी तो सारी प्रजा है, मंत्रिवर। . . . महाराज को भूमि समर्पण करने में तो मेरा कोई विरोध न था और न है; किन्तु मूल्य स्वीकार करना असंभव है।

ङ) ' पुरस्कार' कहानी के शीर्षक की प्रतीकात्मकता स्पष्ट कीजिये।

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए 5×1=5

क)हिन्दी कहानी का विकास किस पत्रिका से प्रारंभ हुआ?

ख) जयशंकर प्रसाद का कहानी साहित्य में पदार्पण किस पत्रिका के माध्यम से हुआ?

ग) 'कहानी : नई कहानी' पुस्तक के लेखक कौन हैं?

घ) अज्ञेय : सृजन की समग्रता -पुस्तक के लेखन का नाम लिखिए।

ङ) सचेतन कहानी आंदोलन के प्रवर्तक कौन थे?

HINDI UNIVERSITY, HOWRAH

M.A. 1st Semester Examination- 2025

Subject- Hindi

Course Code- HIN- 104

## हिंदी पत्रकारिता

Full Marks- 40 | Time- 2 Hours

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** 10×2-20

क) स्वातंत्र्योत्तर हिंदी पत्रकारिता की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

हिंदी पत्रकारिता की भाषा के क्रमिक विकास पर प्रकाश डालिए।

ख) गैर-हिंदी भाषी राज्य में हिंदी पत्रकारिता के महत्त्व की विवेचना कीजिए।

अथवा

हिंदी पत्रकारिता के विकास में भारतेंदु हरिश्चंद्र के योगदान पर प्रकाश डालिए।

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** 5×3-15

क) संपादकीय लेखन पर प्रकाश डालिए।

ख) लघु पत्रिका आंदोलन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

ग) आंचलिक पत्रकारिता की अवधारणा स्पष्ट कीजिए।

घ) पत्रकारिता के क्षेत्र में गणेश शंकर विद्यार्थी के योगदान पर प्रकाश डालिए।

ङ) डिजिटल युग में हिंदी पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डालिए।

**3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** 1×5-05

क) भारत का पहला हिंदी समाचार पत्र कौन- सा था?

ख) 'सरस्वती' पत्रिका के पहले संपादक कौन थे?

ग) भारतेंदु हरिश्चंद्र महिलाओं के लिए कौन- सी पत्रिका निकालते थे?

घ) 'हंस' पत्रिका का प्रथम प्रकाशन किस वर्ष हुआ?

ङ.) 'कर्मवीर' पत्रिका के संपादक कौन थे?

HINDI UNIVERSITY, HOWRAH
M.A. 1st,Semester (CBCS) EXAMINATION-2025
HINDI UNIVERSITY
Papar - HIN-105
(मध्यकालीन काव्य)

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 10x2=20

क) कबीर पहले समाज सुधारक हैं बाद में कवि। इस उक्ति की सार्थकता पर प्रकाश डालिये।

अथवा

सूरदास के काव्यगत विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए।

ख) तुलसीदास के रामचरितमानस के उत्तरकांड का मूल भाव उदाहरण सहित लिखिए।

अथवा

मीरा की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए।

2) निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5×3=15

क) 'पद्मावत' का संक्षिप्त टिपण्णी लिखिए।

ख) कबीर की भक्ति भावना स्पष्ट कीजिए।

ग) तुलसीदास का साहित्यिक परिचय दीजिए।

घ) मीरा की भक्ति- भावना की मुख्य विशेषताओं को रेखांकित कीजि।

ङ) भ्रमरगीत में किसका महत्व बताया गया है स्पष्ट कीजिए।

3) निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 1×5=5

क) बीजक किसकी रचना है?

ख) जायसी के पद्मावत का प्रकाशन वर्ष लिखिए।

ग) रामचरितमानस किस शैली में लिखा गया है?

घ) मीरा कहां की रहने वाली थीं?

ङ) सूरदास किस सम्प्रदाय में दीक्षित थे?